तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 42.6° | 30.0° |
| इंदौर | 41.6° | 27.0° |
| जबलपुर | 40.6° | 27.3° |
| ग्वालियर | 44.2° | 28.7° |

दैनिक
# नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 79
( सागर : वर्ष 12 अंक 84 ,पृष्ठ 12 )
शनिवार, 14 जून 2025
सागर संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये


**राजधानी...** फ्रांस के साथ एएमयू से प्रदेश की संस्कृति...

**खेल...** डब्ल्यूटीसी फाइनल में गेंदबाजों का दबदबा टेस्ट क्रिकेट...

**व्यापार...** एअर इंडिया हादसे से बढ़ी बीमा कंपनी की मुश्किलें...

**देश-विदेश...** ईरान पर इजराइल का बड़ा हवाई हमला परमाणु...

www.naiduniaonline.com

# विमान हादसाः 270 शवों का पोस्टमार्टम, ब्लैक बॉक्स मिला

**अहमदाबाद (एजेंसी)।**

**अहमदाबाद में एअर इंडिया फ्लाइट एआई-171 हादसे के 27 घंटे बाद शुक्रवार को एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो ने ब्लैक बॉक्स को खोज लिया है। यह हॉस्टल की छत पर मिला। इसके जरिए पता चल सकेगा कि क्रैश होने के पहले आखिरी पलों में क्या हुआ था।**

एअर इंडिया की फ्लाइट में 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग मौजूद थे। इसमें से एक यात्री की जान बच गई। मरने वालों में राजस्थान से 13, एमपी, हरियाणा और बिहार के एक-एक लोग शामिल हैं। उधर, पूर्व सीएम रूपाणी के शव की पहचान भी अब तक नहीं हो पाई है। मृतकों की पहचान के लिए उनके परिजन के डीएनए टेस्ट लिए जा रहे हैं।

रेक्स्यू टीम ने 270 लोगों के शव बरामद कर लिए हैं। इनमें से 7 की बॉडी को डीएनए टेस्ट के बाद परिजन को सौंप दी गई है। 241 मृतक विमान में सवार पैसेंजर्स और क्रू मेंबर्स थे। 5 मृतक उस बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के हैं, जहां प्लेन क्रैश हुआ था। हादसे के वक्त हॉस्टल में 50 से ज्यादा लोग मौजूद थे। सिविल अस्पताल में अब तक 270 से ज्यादा शवों का पोस्टमॉर्टम हो चुका है। इसके अलावा, 220 लोगों की डीएनए सैंपलिंग की जा चुकी है। 7 शवों की शिनाख्त हो गई है। प्लेन हादसे की जांच में 7 एजेंसियां नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी, गुजरात पुलिस, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन , यूनाइटेड किंगडम की एयर एक्सीडेंट्स इन्वेस्टीगेशन ब्रांच यूनाइटेड स्टेट्स की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड , फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन शामिल हैं।

किसी भी विमान हादसे की जांच में सबसे अहम भूमिका ब्लैक बॉक्स की होती है। इसे ऐसे डिजाइन किया जाता है कि खतरनाक क्रैश होने के बावजूद भी कोई नुकसान न हो और ये सुरक्षित रहे। ब्लैक बॉक्स के बिना जांचकर्ताओं को यह समझना मुश्किल होता कि हादसा क्यों हुआ। यह पायलट की गलती, तकनीकी खराबी, मौसम या बाहरी हमलों को पहचानने में मदद करता है।



**शुक्रवार सुबह पीएम मोदी अहमदाबाद पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने घटनास्थल का दौरा किया। इसके बाद वे सिविल अस्पताल गए, जहां वे करीब 10 मिनट पीड़ितों से मिले।**

## एअर इंडिया के विमान की थाईलैंड में इमरजेंसी लैंडिंग

थाईलैंड के फुकेट इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एअर इंडिया की फ्लाइट AI-379 की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। यहां प्लेन में बम होने की सूचना मिली थी। विमान में 156 लोग सवार थे। फ्लाइट फुकेट से दिल्ली आ रही थी।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने फ्लाइट ट्रैकर %फ्लाइट्रेडर24% के हवाले से बताया कि एअर इंडिया की फ्लाइट ने फुकेट एयरपोर्ट से भारतीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे (स्थानीय समयानुसार दोपहर 2.30 बजे) टेकऑफ किया था।

विमान अंडमान सागर के ऊपर एक बड़ा चक्कर लगाते हुए पलटा और करीब 20 मिनट बाद फुकेट में सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिग की। सभी यात्री और क्रू सेफ हैं, किसी को भी कोई नुकसान नहीं हुआ है।

## पंजाब में एयरफोर्स के अपाचे हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

पठानकोट, एजेसी। पंजाब के पठानकोट में शुक्रवार को एयरफोर्स के अपाचे हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग हुई। हेलिकॉप्टर ने पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन से उड़ान भरी थी। जैसे ही वह हलेड़ा गांव के पास पहुंचा तो तकनीकी खामी आ गई। इसके बाद पायलट ने उसे खेत में लैंड करा दिया। सूचना मिलते ही सेना और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचें।

## डीजीसीए बोला-हर उड़ान से पहले बोइंग 787 की जांच जरूरी

**फ्यूल सिस्टम, इंजन कंट्रोल और टेक ऑफ का रिव्यू होगा**

**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने शुक्रवार को एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े के सुरक्षा जांच के आदेश दिए हैं। यह आदेश 12 जून को अहमदाबाद प्लेन हादसे में 241 लोगों की मौत के एक दिन बाद जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि बोइंग के 787-8 और 787-9 हवाई जहाजों की हर उड़ान से पहले जांच होगी। सभी रिपोर्ट्स छत्रष्ट को सौंपी जाएंगी। डीजीसीए ने एअर इंडिया को जेनएक्स इंजन वाले बोइंग 787-8 और 787-9 विमानों के अतिरिक्त रखरखाव का निर्देश दिया है। यह आदेश 15 जून से लागू हो जाएगा। टाटा ग्रुप की एयर इंडिया के बेड़े में 26 बोइंग 787-8 और 7 बोइंग 787-9 हैं।

## टाटा ग्रुप के सबसे काले दिनों में से एक...



एयर इंडिया की एआई-171 फ्लाइट अहमदाबाद से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद क्रैश हो गई थी। यह बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान अहमदाबाद के एक मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल से टकरा गया और भारी विस्फोट के साथ आग का गोला बन गया। एयर इंडिया का संचालन टाटा ग्रुप करता है। टाटा समूह के चेयरमैन एन। चंद्रशेखरन ने अपने कर्मचारियों को एक भावुक पत्र लिखते हुए 12 जून को समूह के इतिहास का सबसे अंधकारमय दिन बताया है। यह प्रतिक्रिया गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट्र्ढ्ढ-171 के भीषण हादसे के बाद आई है, जिसमें 242 लोगों की मौत हो गई थी। टाटा समूह ने जनवरी 2022 में एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था। चंद्रशेखरन ने पत्र में लिखा, जो कुछ कल हुआ, वह अविश्वसनीय है और हम सभी सदमे और शोक में हैं। किसी एक व्यक्ति को खोना भी गहरा दुख होता है, लेकिन इतनी बड़ी संख्या में लोगों की जान एक साथ चले जाना असहनीय है। यह टाटा समूह के इतिहास के सबसे काले दिनों में से एक है।

## हिना बेन ने बताया खड़खड़ाहट की आवाज आ रही थी



अहमदाबाद में गुरुवार को क्रैश हुए एअर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर प्लेन को लेकर एक महिला यात्री ने दावा किया है उसमें पहले से खराबी थी। क्रैश होने से डेढ़ घंटे पहले महिला उसी प्लेन से लंदन से अहमदाबाद आई थी। महिला का नाम हिनाबेन कालरिया है। वह सूरत की रहने वाली है। हिनाबेन ने बताया कि लंदन से टेकऑफ के दौरान प्लेन के एसी और सभी डिस्प्ले बंद थे। एयर होस्टेस ने इसे तकनीकी गड़बड़ी बताया था। हिनाबेन मुताबिक, लैंडिंग के वक्त प्लेन से खड़खड़ाहट की आवाज भी आ रही थी, जिससे यात्री डर गए थे। हिनाबेन ने बताया कि प्लेन के अंदर रखे सभी डिस्प्ले बंद थे। जब हमने यह बात एयर होस्टेस को बताई तो उसने हमसे मोबाइल अपडेट करने को कहा और बताया कि तकनीकी खराबी के कारण डिस्प्ले बंद हो गया है। फिर जब प्लेन अहमदाबाद में लैंड करने वाला था, तो एक खड़खड़ाहट की आवाज आई। आमतौर पर ऐसी आवाज एक पुरानी बस में आवाज आती है। हिनाबेन प्लेन क्रैश की खबर सुनने के बाद से सदमे में हैं। उन्होंने रोते हुए कहा, मैं इससे पहले अपने बेटे और पति के साथ अहमदाबाद-इजिप्ट की फ्लाइट से लंदन गई थी। उस फ्लाइट में हमें किसी तरह की परेशानी या डर का सामना नहीं करना पड़ा, लेकिन अहमदाबाद की फ्लाइट से उतरते समय मैं काफी डरी हुई थी।

# भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण पचमढ़ी में, शाह आज करेंगे शुभारंभ

### समापन करेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**भोपाल (काप्र)।**

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 14 जून को पचमढ़ी में आयोजित किया जा रहा है। वर्ग का शुभारंभ दोपहर 3 बजे केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे एवं समापन 16 जून को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे।**

श्री शर्मा ने बताया कि भाजपा के सांसदों-विधायकों का नियमित प्रशिक्षण वर्ग 14, 15 और 16 जून को पचमढ़ी में आयोजित किया जा रहा है। इस



वर्ग में 201 जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। इस प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, सी.आर. पाटिल, शिवराज सिंह चौहान, श्रीमती सावित्री ठाकुर एल. मुरुगन, राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह अलग-अलग सत्रों में सांसदों-विधायकों का मार्गदर्शन करेंगे। प्रशिक्षण वर्ग में सैद्धांतिक, व्यवहारिक एवं अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी।

**पौधारोपण करेंगे सांसद-विधायक :** श्री शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष' पर और भाजपा की जनसंघ से लेकर वर्तमान समय तक की यात्रा पर केंद्रित प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान सभी सांसद और विधायक 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी करेंगे।

## अरुणाचल के भाजपा विधायक को 2 साल की सजा

**चंडीगढ़( एजेंसी )।** पंजाब की मोहाली अदालत ने चेक बाउंस के मामले में पापुम पारे जिले के सागली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रायतु तेजी, उनकी पत्नी और दो अन्य सहयोगियों को दो साल की सजा सुनाई है। साथ ही, साढ़े 5 करोड़ रुपए का मुआवजा एक महीने के भीतर अदा करने का आदेश दिया है। यह मामला करीब साढ़े 4 साल तक कोर्ट में चला। वकील ने इसे अपनी बहुत बड़ी जीत बताया है। यह मामला जीटीसी एम ट्रेडज एलएलपी से खरीदी गई निर्माण सामाग्री के लिए जारी किए गए 50 लाख रुपए के चेक बाउंस से जुड़ा है। एडवोकेट तजिंदर सिंह ने बताया कि कुलविंदर सिंह की पंजाब में एक कंपनी है। कुलविंदर की कंपनी का विधायक कंपनी टीके इंजीनियरिंग कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड एक समझौता हुआ था।



# उप्र-मप्र सहित 9 राज्यों में हीटवेव राजस्थान-हरियाणा में रेड अलर्ट

### तेलंगाना में बिजली गिरने से 6 की मौत, प्रदेश में भी कई स्थानों पर तेज आंधी व बारिश

**नई दिल्ली(एजेंसी)।**

**देश में मानसून 29 मई से मुंबई-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर रुका है। साउथ और नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों को छोड़कर सभी राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित 9 राज्यों में आज हीटवेव का अलर्ट है।**

राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली में भीषण गर्मी का रेड अलर्ट है। यहां तापमान 45 डिग्री से ऊपर जा सकता है। वहीं, हरियाणा के 9 जिलों में दिन का तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

मध्य प्रदेश के उज्जैन, सागर, ग्वालियर-चंबल संभाग के 12 जिलों में लू चलने की चेतावनी है। वहीं, राजस्थान के भी 22 जिलों में हीटवेव का अलर्ट है। गुरुवार को श्रीगंगानगर, कोटा, बीकानेर सहित कई जिलों में तापमान 45 डिग्री के पार रहा।

दूसरी तरफ, मौसम विभाग ने कर्नाटक, गोवा, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, तेलंगाना और उत्तराखंड में भारी बारिश की संभावना जताई है। कर्नाटक के हुबली में गुरुवार को भारी बारिश हुई।



## हिमाचल में भीषण गर्मी के बीच बारिश

**शिमला(एजेंसी)।** हिमाचल की राजधानी शिमला समेत कई क्षेत्रों में दोपहर बाद बारिश हुई। शिमला में भी हल्की बारिश के बाद मौसम कूल-कूल हो गया। स्थानीय लोगों सहित देशभर से शिमला पहुंचे टूरिस्ट ने भी गर्मी से राहत की सांस ली है। बारिश रुकने के बाद रिज व मॉल रोड पर टूरिस्ट मस्ती करते देखे गए। वहीं, ऊना जिला के बंगाणा और हमीरपुर के बड़सर में भी दोपहर बाद तेज बारिश हुई है। इससे क्षेत्रवासियों ने भीषण गर्मी से राहत की सांस ली है। धर्मशाला में भी आज सुबह के वक्त बारिश से मौसम सुहावना हो गया। बीते कल यहां का तापमान 35 डिग्री तक हो गया था। आज इसमें चार डिग्री की गिरावट आई है।

**इन जिलों में आज आंधी-तूफान की चेतावनी :** मौसम विभाग ने सिरमौर, मंडी, कुल्लू और कांगड़ा जिला में शाम के वक्त आंधी तूफान चलने की चेतावनी जारी की है। शिमला व कुल्लू जिला में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है।

**5 दिन से पड़ रही भीषण गर्मी :** प्रदेश के मैदानी इलाकों में बीते पांच दिन से भीषण गर्मी पड़ रही थी। ऊना का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था।

## पंजाब की इन्फ्लुएंसर कमल भाभी के 2 हत्यारे गिरफ्तार

**लुधियाना ( एजेंसी )।** पंजाब की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी उर्फ कमल कौर भाभी की हत्या के बाद अब अमृतपाल सिंह मेहरों ने अमृतसर की इन्फ्लुएंसर दीपिका लूथरा को भी जान से मारने की धमकी दी है। बता दें कि कमल कौर के 2 हत्यारों को बठिंडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान मोगा के जसप्रीत सिंह मेहरों और तरनतारन के निमनरजीत सिंह के रूप में हुई है। हत्या का मास्टरमाइंड अमृतपाल सिंह मेहरों अभी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीमें लगी हुई हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि कमल कौर यूथ को गलत रास्ते पर लेकर जा रही थी। इसे लेकर कमल कौर को समझाया भी था, लेकिन वह नहीं मानी। वहीं, गुरुवार को बठिंडा में कमल कौर का अंतिम संस्कार कर दिया गया। सोशल मीडिया पर तो उनके लाखों फॉलोअर्स हैं लेकिन अंतिम संस्कार के दौरान केवल 3 लोग नजर आए।

# उज्जैन में राजा का पिंडदान

### सोनम का भाई भी पहुंचा, एक महिला की भी हत्या करना चाहती थी सोनम

**उज्जैन, (एजेंसी)।**

मेघालय पुलिस इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के पांचों आरोपियों से शुक्रवार को भी पूछताछ की जा रही है। शिलॉन्ग के सदर थाने के लॉकअप में बंद आरोपियों की आपसी बातचीत पर पुलिसकर्मी नजर रख रहे हैं। हालांकि, ये लोग ज्यादातर समय शांत ही रहते हैं।

सूत्रों के मुताबिक, सोनम समेत सभी आरोपियों ने पुलिस से नॉर्थ इंडियन भोजन की मांग की। पुलिस ने उन्हें खाना मंगाकर दिया। इधर, राजा के परिजन उज्जैन पहुंचे। उन्होंने शिप्रा में राजा का पिंडदान किया। उनके साथ सोनम का भाई गोविंद भी पहुंचा।



## पता होता तो सोनम-राज की शादी करा देता

गोविंद ने कहा- मैं आज भी राजा के परिवार को अपने जीजा का नहीं, बल्कि भाई का परिवार मानता हूं। पूजन में राजा के परिवार के साथ सिद्ध वट घाट आया हूं। अगर मुझे राज और सोनम के अफेयर के बारे में पहले से पता होता, तो मैं दोनों की शादी करवा देता या कहता कि भाग जाएं। हमारे परिवार की ओर से उस पर कोई दबाव नहीं था। वह आजाद ख्यालों की लड़की है। शादी नहीं करनी थी तो साफ कह सकती थी। मेरी बहन इतनी गुस्सैल और जिद्दी है कि परिवार उसके फैसले के खिलाफ नहीं जा सकता था।

# राहुल ने माई बहिन मान योजना को भी तेजस्वी के सीएम फेस जैसा ही उलझा दिया

**पटना, एजेंसी।**

बिहार में महिलाओं को सीधे आर्थिक मदद देने वाली 'माई बहिन मान योजना' पर कांग्रेस और आरजेडी आमने सामने आ गये हैं. तेजस्वी यादव के बाद कांग्रेस ने ये स्कीम अलग से लॉन्च कर दी है. नाम और रकम तो एक जैसे हैं, लेकिन मंशा अलग लगती है - क्या आरजेडी से अलग कांग्रेस कुछ और प्लान कर रही है?

बिहार में महिलाओं के वोट के लिए नये सिरे से होड़ शुरू हो गई है. सत्ता पक्ष और विपक्ष में तो होड़ स्वाभाविक भी है, लेकिन महागठबंधन के भीतर



कांग्रेस और आरजेडी में भी ऐसा ही मुकाबला होता लग रहा है. बिहार में नीतीश कुमार तो पहले से ही महिलाओं के लिए कई योजनाएं चला रहे हैं. शराबबंदी भी नीतीश कुमार ने महिलाओं के वोट हासिल करने के लिए ही लागू किया था. अभी अभी बिहार सरकार की तरफ से महिला कर्मचारियों के लिए तैनाती वाली जगह आवास की सुविधा देने की घोषणा की गई है.

महागठबंधन में तो महिलाओं के वोट के लिए अलग ही जंग शुरू हो गई है. अपनी बिहार यात्रा के दौरान तेजस्वी यादव ने दिसंबर, 2024 में ही माई बहिन मान योजना लाये जाने का ऐलान किया था. तेजस्वी यादव ने कहा था, %मेरे 17 महीने के कार्यकाल में मैंने हर वो अपना वादा पूरा किया है जो मैंने अपनी जनता जनार्दन से किया था.

# एनआईए का हरियाणा-पंजाब में 15 जगह छापा

### अमेरिका से आया पैसा, ड्रग तस्कर चीता के भाई शामिल

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।**

**नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने अमृतसर पुलिस स्टेशन पर हुए ग्रेनेड हमले की जांच तेज कर दी है। एजेंसी ने पंजाब और हरियाणा में बब्बर खालसा इंटरनेशनल आतंकी संगठन से जुड़े लोगों के 15 ठिकानों पर छापे मारे हैं।**

छापे के दौरान टीम ने उनके घरों से मोबाइल, डिजिटल उपकरण और दस्तावेज जैसे संदिग्ध सामान जब्त किए हैं। साथ ही एनआईए की टीम अधिक जानकारी जुटाने और बीकेआई गिरोह की असली साजिश का पर्दाफाश करने की जांच भी कर रही है।

**गैंग्स्टर हैप्पी पासियां ने ली थी हमले की जिम्मेदारी :** जनवरी 2025 में पंजाब के अमृतसर जिले की गुमटाला पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला हुआ था। इसका आरोप बैन किए गए बब्बर खालसा इंटरनेशनल ने लिया था, और हमले की जिम्मेदारी उनके सदस्य हैप्पी पासियां ने स्वीकार किया था।